महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू0वि0 / रा.शि.नी. / 2021/1070 दिनांक : 24.12.2021

: अधिसूचना :

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित तथा स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं उसके संदर्भ में शासन द्वारा निर्गत विभिन्न शासनादेशों के अनुपालन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत पठन–पाठन हेतु मुख्य विषयों (Major Subjects), गौण पेपर (Minor Papers), को–करीकुलर पाठ्यक्रम (Co-Curricular Courses) एवं वोकेशनल कोर्सेज की सूची संलग्न कर उक्त पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गयी है। साथ ही स्नातक पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय स्तर पर पूर्व से संचालित सामान्य अंग्रेजी एवं सामान्य हिन्दी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत मान्य किया गया है। अतः जिन महाविद्यालयों ने अपने महाविद्यालय के अधीन अध्ययनरत् छात्रों को कम्यूनिकेटिव इंग्लिश अथवा लिंग्विस्टिक साइंस आवंटित किया है, को तत्क्रम में कम्यूनिकेटिव इंग्लिश के स्थान पर सामान्य अंग्रेजी (English General) एवं लिंग्विस्टिक साइंस के स्थान पर हिन्दी भाषा (Hindi Language) संशोधित कर तदनुसार पठन–पाठन एवं परीक्षा सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त इंड सेमेस्टर एक्जामिनेशन (End Semester Examination) के प्रश्न–पत्रों का प्रारूप एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों यथा बी.ए., बी.एससी., बी.काम. के प्रथम वर्ष (सत्र 2021–22) के सम्बन्ध में विद्या परिषद द्वारा अनुमोदित अध्यादेश भी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर पूर्व में ही अपलोड कर दिया गया है।

अतः समस्त महाविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड की गयी पठन–पाठन एवं परीक्षा सम्बन्धी व्यवस्थाओं का भली–भाँति संज्ञान लें तत्पश्चात् यदि इसमें किसी कोर्स, विषय एवं परीक्षा के सम्बन्ध में कोई आवश्यक जानकारी आदि सम्मिलित किया जाना शेष रह गया हो तो तत्काल अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव